**खादी ग्रामोद्योग आयोग में कर्मचारियों की संख्या**

1059. **श्री रामनरेश कुशवाहा : क्या उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खादी ग्रामोद्योग आयोग में इस समय कुल कितने कर्मचारी और पद हैं तथा उनकी राज्य-वार संख्या कितनी-कितनी है ;

(ख) उनके पदनाम व ग्रेड क्या हैं; और

(ग) खादी भवन, नई दिल्ली द्वारा क्या कार्य किये जाते हैं तथा इन कार्यों को करने के लिये अलग-अलग कितने विभाग हैं ?

**उद्योग तथा इस्पात और खान मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री चरणजीत चानना) :** (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है ।

**खादी ग्रामोद्योग भवन में कर्मचारियों के लिये भर्ती नियम**

1060. **श्री रामनरेश कुशवाहा : क्या उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली में स्थायी अथवा अस्थायी कर्मचारियों को रोजगार कार्यालय के माध्यम से भर्ती नहीं किया जाता है ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार खादी ग्रामोद्योग भवन, नई दिल्ली के भर्ती नियमों में संशोधन करने का विचार रखती है ?

**उद्योग तथा इस्पात और खान मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री चरणजीत चानना) :** (क) जी, नहीं । खुली भर्ती के द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों के बारे में विज्ञापन दिया जाता है तथा रोजगार केन्द्रों को सूचित किया जाता है। रोजगार केन्द्रों द्वारा प्रायोजित प्रार्थियों को प्राथमिकता दी जाती है तथा इसके लिए गठित की गई एक कर्मचारी चयन समिति द्वारा चयन किया जाता है ।

(ख) खादी ग्रामोद्योग भवन के कर्मचारियों के भर्ती संबंधी नियम खादी तथा गामोद्योग आयोग द्वारा जो एक कानूनी निकाय है, बनाए जाते है । ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है ।

**खादी भवन, नई दिल्ली**

1061. **श्री रामनरेश कुशवाहा : क्या उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि खादी भवन, नई दिल्ली ने नई दिल्ली में रीगल बिल्डिंग की ऊपर की दोनों मंजिलों सहित वह हिस्सा खरीद लिया है जिसमें बिक्री कक्ष है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि खरीद करते समय अथवा बाद में मकान मालिक से कोई गुप्त समझौता किया गया है, जिसके तहत बिल्डिंग की दूसरी मंजिल को केवल 300 रुपये मासिक किराये पर दे दिया गया है तथा उसने उसी हिस्से को किसी बैंक को आगे किराये पर उठा दिया है ; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ।

**उद्योग तथा इस्पात और खान मंत्रालयों में राज्य मंत्री (श्री चरणजीत चानना) :** (क) से (ग) खादी तथा ग्रामोद्योग ने रीगल बिल्डिंग के परिसर संख्या 24, 47 से 49 तथा 70 खरीदे थे । इस इमारत की